तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 28 नवम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 तहसीलदार ने बीएलओ को लगाई फटकार








## अब तक तीन ने लिया एडमिशन

# मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई पीजी कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पीजी कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया आखिरकार शुरू हो गई है। इस बार मेडिकल कॉलेज में कुल 46 सीटों एडमिशन लिए जाएंगे। प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब तक 3 छात्र छात्राओं ने दो छात्रों ने सर्जरी और एनाटॉमी विभाग में एडमिशन लिया है। इसके साथ ही तीन अन्य एमबीबीएस छात्रों ने अपने दस्तावेज जमा किए है।

**खास बात**

■ 46 सीटों पर होना है प्रवेश

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस के साथ ही अब स्नातकोत्तर की पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। वर्ष 2022 में एनएमसी से कॉलेज को विभिन्न विषयों में पीजी कक्षाओं के संचालन हेतु कुल 46 सीटों की अनुमति मिली थी लेकिन समय के साथ फैकल्टी की कमी के कारण सीटों की संख्या घटती गई लेकिन इस बार फिर से मेडिकल कॉलेज में प्रबंधन ने सभी 46 सीटों पर एडमिशन लेने ⏭ शेष पेज 4 पर



प्रवेश पत्र सौंपते अधिकारी।

### इन सीटों पर होगा एडमिशन

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कुल 46 सीटों का अलॉटमेंट किया गया है। इनमें कॉलेज को एनेस्थिसियोलॉजी से 4, एनाटॉमी से 3, बायोकेमिस्ट्री से 1, जनरल मेडिसिन से 5, जनरल सर्जरी से 4, माइक्रोबायोलॉजी से 3, स्त्री एव प्रसूति रोग विभाग से 3, ऑप्थेल्मोलॉजी से 3, ओर्थोपेडिक्स से 2, ईएनटी से 2, पीडियाट्रिक्स से 2, पैथोलॉजी से 3, फार्मेकोलॉजी से 3, फिजियोलॉजी से 3, प्रीवेंटिव सोशल मेडिसिन से 3 सीट की स्वीकृति मिली है। हालांकि कॉलेज प्रबंधन द्वारा फैकल्टी की कमी के कारण पिछले वर्ष माइक्रोबायोलॉजी व फार्मेकोलॉजी विषय में एडमिशन नहीं लिए गए थे। इस बार कॉलेज में फैकल्टी तो है लेकिन उनका कार्यकाल पूर्ण नहीं हुआ है इसलिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा किसी अन्य कॉलेज से फैकल्टी को अटैच कर एडमिशन लिया जाएगा लेकिन पढ़ाने का काम मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी करेंगे।



# विधायक के जाति प्रमाण पत्र मामले ने पकड़ा तूल, सर्व आदिवासी समाज ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते के जाति विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को सर्व आदिवासी समाज ने एनएच 343 पर धरना प्रदर्शन करने के साथ ही कार्रवाई की मांग की। समाज का प्रदर्शन देर शाम तक जारी रहा। इस बीच हाईकोर्ट के निर्देश के बाद कलेक्टर द्वारा विधायक को नोटिस जारी किया गया। नोटिस जारी होने के बाद विधायक ने वकील के माध्यम से अपने दस्तावेज जमा किए है और कहा कि मेरी जन्मभूमि अंबिकापुर है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 11 दिसंबर को रखी गई है।

■ विधायक पोर्ते ने पेश किया दस्तावेज, अब 11 दिसम्बर को होगी सुनवाई

बता दें कि प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते के जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताते हुए वाड्रफनगर क्षेत्र से धन सिंह धुर्वे और एक अन्य व्यक्ति ने हाईकोर्ट बिलासपुर में याचिका दायर की थी। इस याचिका में दावा किया गया कि विधायक मूलतः यूपी के मऊ में गोंड जाति अजा वर्ग में अधिसूचित है। याचिका कर्ताओं के अनुसार शकुंतला पोर्ते का विवाह वाड्रफनगर क्षेत्र के बहादुर के साथ हुआ था। वर्ष 2002-03 में शकुंतला पोर्ते का जाति प्रमाणपत्र वाड्रफनगर एसडीएम ने जारी किया है। जाति प्रमाणपत्र पति की जाति के आधार पर जारी किया गया है जो अवैध है। इस मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए बलरामपुर कलेक्टर को जाति प्रमाण पत्र की जांच करने का आदेश दिया था। जिला स्तरीय छानबीन समिति ने पहले विधायक को जन्म प्रमाणपत्र, स्कूल का दाखिल खारिज, वंशावली और अन्य दस्तावेज जमा करने का नोटिस भेजा था, 3 नोटिस भेजने के बावजूद विधायक ने कोई जवाब नहीं दिया। आदिवासी समाज के प्रदर्शन और विवाद बढ़ने के बीच 27 नवंबर को दस्तावेज पेश करने की नई तारीख तय की गई थी। विधायक ने अपने वकील के माध्यम से सभी दस्तावेज जिला स्तरीय छानबीन समिति के समक्ष पेश कर दिए हैं।।

### दिनभर चला चक्का जाम व प्रदर्शन

विधायक के जाति प्रमाण पत्र के मामले में सुनवाई को लेकर गुरुवार को राज्य अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के लोग कलेक्टर कार्यालय बलरामपुर पहुंचे और उन्होंने कलेक्टोरेट के बाहर एनएच 343 पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान शिकायतकर्ता धन सिंह धुर्वे ने बताया कि जानबूझकर मामले को लटकाया जा रहा है और अगली तिथि दी जा रही है। वे जांच से संतुष्ट नहीं हैं। समाज के लोगों ने जमकर नारेबाजी करने के साथ ही यह मांग भी की कि पहले यह भरोसा दिया जाए कि 11 दिसंबर को निर्णय लिया जाएगा। धरना प्रदर्शन देर शाम तक जारी रहा। प्रशासन के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

### विधायक ने कहा-मेरी जन्मभूमि अंबिकापुर

इधर अपने जाति प्रमाण पत्र से जुड़े दस्तावेज जमा करने के बाद विधायक शकुंतला पोर्ते ने कहा कि जिन्हें जलन हो रही है उन्होंने शिकायत की है। मेरे खिलाफ कुछ मिला नहीं तो जाति प्रमाणपत्र का मामला उठा दिया। यह किसी के बहकावे में कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि मेरी जन्मभूमि अंबिकापुर है। मेरे पिता यहां नौकरी करते थे। यहां मेरी शादी हुई, तब अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं ने जाति फर्जी होने का दावा कर आवेदन लगाया है तो आप इंतजार करिए। एसडीएम धर्मेश साहू ने जांच कर जाति प्रमाण पत्र जारी किया है। किसी के आरोप लगाने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

## खबर संक्षेप

### तबीयत बिगड़ने से बेहोश हुए विचाराधीन बंदी की गई जान

**सूरजपुर।** हत्या के आरोप में जिला जेल में बंद विचाराधीन बंदी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। जेल के कर्मचारियों ने बंदी को अचेत हालत में जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्रतापपुर क्षेत्र निवासी बिहारी लाल (50 वर्ष) हत्या के मामले में पिछले 11 माह से जिला जेल में बंद था। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन था। पिछले कुछ दिनों से बिहारी लाल की तबीयत खराब था। गत दिन अचानक बिहारी लाल का तबीयत बिगड़ने से बेहोश हो गया। घटना की जानकारी लगने पर जेल के कर्मचारियों ने तत्काल विचाराधीन बंदी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया है।

### घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी सीसीटीवी में कैद हुए तीन आरोपी

**बिहारपुर।** चोरों ने ग्राम नवाटोला में घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल को पार कर दिया। नवाटोला स्थित अंतर्राज्यीय चेक-पोस्ट में लगे सीसीटीवी में बीन बाइक चोर युवकों की तस्वीर कैद हुई है। ग्राम नवाटोला निवासी जनार्दन यादव ने बीती रात अपने घर के सामने 2 मोटर साइकिल एवं एक बोलेरो वाहन को खड़ा किया था। परिवार के सदस्य निश्चिंत होकर घर में सो रहे थे। इस दौरान मध्य रात्रि तीन युवक पहुंचे व घर के सामने खड़ी पैशन प्रो बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने नवाटोला अंतर्राज्यीय जांच चौकी में लगी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो गमछा बांधे तीन युवक बाइक को ले जाते नजर आए।

# स्कॉर्पियो में आ रहे तस्कर, रात के अंधेरे में कर रहे गौवंश की चोरी

**अंबिकापुर।** शहर में मवेशियों की चोरी करने का मामला सामने आया है। रात के अंधेरे में चोर बोलेरो, स्कॉर्पियो जैसे वाहनों में आ रहे है और गौवंश की चोरी कर ले जा रहे है। ताजा मामला शहर के मिशन चौक का सामने आया है जहां तस्कर काली रंग की स्कॉर्पियो में मवेशी की चोरी कर भाग निकले। अब इस घटना का वीडियो वायरल हुआ है इसके साथ गौ-रक्षकों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

■ सीसीटीवी में कैद हुई घटना, लगातार बढ़ रही वारदात

बताया जा रहा है कि इन दिनों सरगुजा में एक गिरोह सक्रिय हुआ है जो रात के अंधेरे में सड़क किनारे खुले में बैठी गाय, बछिया की चोरी कर रहा है। 4 से 5 तस्कर स्कॉर्पियो, बोलेरो जैसे वाहनों में आते है झुण्ड में बैठे मवेशियों में से एक या दो मवेशियों को वाहनों में भरकर ले जाते है। 21 नवम्बर की देर रात भी शहर के मिशन चौक उड़िया पंडित कॉम्पलेक्स समीप भी इसी तरह का मामला सामने आया है जहां एक काली रंग की स्कॉर्पियो में कुछ तस्कर पहुंचे थे। तस्कर नवापारा गली से निकले थे, चोरी के दौरान उनके वाहन का हेड लाईट तक बंद था। बड़ी ही तेजी से सड़क किनारे बैठी एक गाय को रस्सी से खींचकर अपने वाहन में भर लिया और फिर भाग निकले। बताया जा रहा है कि सरगुजा मे इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है। तस्कर बेखौफ होकर आ रहे है और मवेशियों की चोरी कर रहे है। पूर्व में प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा चुके है और उन्होंने प्रदेश से बड़े पैमाने पर गौवंश की कमी होने की बात भी कही थी लेकिन अब तक इस मामले में शासन प्रशासन ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच चल रही है।




### जिपं सामान्य सभा की बैठक 3 दिसंबर को

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि 3 दिसंबर 2025 को जिला पंचायत सरगुजा की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 11 बजे एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने की बात कही है।

### जांच में बंद मिले सूरजपुर के 32 निजी स्कूलों की मान्यता समाप्त

**अम्बिकापुर।** शिक्षा विभाग की मान्यता हासिल करने के बाद कक्षाओं का संचालन नहीं करने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने सूरजपुर जिले के 32 निजी स्कूलों की मान्यता निरस्त कर दी है। शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है तथा अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के प्रति अभिभावकों का रूझान लगातार बढ़ रहा है। अंग्रेजी माध्यम शिक्षा के प्रति अभिभावकों के बढ़ते रूझान को देखते हुए गांव-गांव में निजी स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। कई संचालक ऐसे भी है जिन्होंने स्कूल की अनुमति ले ली है लेकिन कक्षाओं का संचालन नहीं कर रहे हैं जबकि कई ऐसे स्कूल भी हैं जिनके संचालकों ने चालू शिक्षण सत्र में स्कूलों का संचालन बंद कर दिया है। गड़बड़ी की संभावना पर विभाग ने विकासखण्ड अधिकारियों से जांच कराई तो जिलेभर के 32 निजी स्कूलों का संचालन बंद पाया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर विभाग ने बंद पाए गए सभी 32 निजी स्कूलों की मान्यता निरस्त कर दी है। सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि जांच में बंद पाए गए सभी 32 निजी स्कूलों की मान्यता निरस्त कर दी गई है।






हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## खबर संक्षेप



### 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में आचार्यों ने कराए विविध संस्कार

**वाड्रफनगर।** गायत्री परिवार द्वारा 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ 23 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के विद्वान आचार्यों ने यज्ञ एवं विविध वैदिक संस्कारों का संचालन किया। महायज्ञ में आचार्यों द्वारा 105 का विद्यारम्भ, 5 का अन्नप्राशन, 5 मुण्डन, 5 की दीक्षा, 4 यज्ञोपवीत संस्कार तथा एक विवाह संस्कार को सम्पन्न कराया। सभी संस्कार निःशुल्क कराए गए। इस दौरान विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह, पूर्व मंत्री डॉ.प्रेमसाय, जनपद अध्यक्ष तथा नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पीजी कॉलेज में मनाया गया एनसीसी दिवस



**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.अनिल सिन्हा ने एनसीसी ध्वज का आरोहण किया जिसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। अंत में महाविद्यालय के 15 कैडेट्स ने रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि एनसीसी की स्थापना का उद्देश्य सेना को सहयोग प्रदान करना है जिससे आवश्यकता पड़ने पर देश सेवा में एनसीसी कैडेट्स अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकें। एनसीसी अधिकारी ने वार्षिक प्रतिवेदन का पाठन कर एनसीसी कैडेट्स के वर्ष भर की उपलब्धियों को बताया। इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डीएवी में मनाया गया संविधान दिवस विविध कार्यक्रम हुए आयोजित



**बिश्रामपुर।** नगर में संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया,इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को भारत के संविधान की जानकारी दी गई,कार्यक्रम में सर्वप्रथम संविधान निर्माण पर आधारित नाटक की रोचक प्रस्तुति कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई,इसके पश्चात संविधान की उद्देशिका का वाचन कर संविधान में प्रावधानित अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई,विद्यालय की राजनीति विज्ञान की शिक्षिका वनिता सिन्हा ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया और संविधान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये, कक्षा ग्यारहवी कला संकाय की छात्रा जायना खान के द्वारा संविधान की मूल भावना के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई गई,विद्यालय प्राचार्या अनामिका भारती ने संविधान दिवस के 75 वीं वर्षगांठ पर अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान ने हमें अधिकार के साथ कर्तव्य भी दिए हैं और दोनों के मध्य अनन्य संबंध है,अतः हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से एवं पूर्ण तत्परता से करनी चाहिए,उन्होंने संविधान निर्माण में संविधान निर्माता डॉ.भीमराव आंबेडकर के योगदान का उल्लेख भी किया,संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे,कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक विमान घोष के द्वारा किया गया।

### शौच गए युवक की बाइक ले उड़े चोर, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** शौच करने गए युवक की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मलगंवा निवासी संजय यादव आ. चलितर यादव (23 वर्ष) शहर के कुंडला सिटी स्थित दुकान में काम करता है। 22 नवम्बर की रात काम के सिलसिले में नवागढ़ जा रहा था। इसी दोरा नवागढ़ तालाब के समीप शौच लगने पर तालाब किनारे बाइक को खड़ा कर चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक गायब थी।

## निधन

### डॉ. एम निकुंज

**सीतापुर।** नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं भूतपूर्व खंड चिकित्साधिकारी डॉ. एम निकुंज का 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और रायपुर में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एक पुत्री, भतीजे रवि निकुंज एवं डॉ. रोशन निकुंज समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए है। मिलनसार, मृदुभाषी एवं हंसमुख व्यक्तित्व के धनी डॉ. निकुंज के निधन से क्षेत्र के चिकित्सा जगत, शुभचिंतक एवं परिचितों में शोक व्याप्त है। इनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा।



# एसआईआर का फार्म भरना बीएलओ के लिए भी बना चुनौतीपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया अब चुनौती बनती जा रही है। घर घर जाकर लोगों के एसआईआर फार्म भरना बीएलओ के लिए भी चुनौतीपूर्ण हो गया है और व्यवहारिक रूप से यह संभव भी नहीं नहीं है। ऐसे में बीएलओ अब एक स्थान पर बैठकर लोगों एक फार्म जमा करने और ऑनलाइन अपडेट करने का काम कर रहे है। हालांकि इस प्रक्रिया ने मतदाताओं की परेशानी बढ़ा दी है।

बता दें कि वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रदेशभर में शुरू की गई है। एसआईआर की प्रक्रिया 4 नवंबर से 4 दिसम्बर तक की जानी है। एसआईआर के तहत गणना पत्रक भरने की जिम्मेदारी बीएलओ को दी गई है। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि बीएलओ घर घर जाकर लोगों को गणना पत्रक प्रदान करने के साथ ही फार्म भरने में सहयोग करेंगे। बीएलओ को अपने बूथ के सभी घरों में कम से कम तीन बार जाना अनिवार्य है लेकिन वास्तविकता में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। बीएलओ द्वारा सभी घरों में फार्म का वितरण नहीं किया गया है। ज्यादातर लोग स्वयं ही बीएलओ को खोज कर अपना फार्म लेने के साथ ही भरकर जमा करने का काम कर रहे है। एसआईआर में आ रही परेशानियों को लेकर हरिभूमि ने गुरुवार को स्वयं वार्डों में जाकर प्रक्रियाओं का जायजा लिया। इस दौरान गोधनपुर वार्ड में बीएलओ श्रीमती शोभा सिन्हा भी स्वयं भी फार्म भरती हुई नजर आई। बातचीत में बीएलओ श्रीमती सिन्हा ने बताया कि उनके भाग संख्या 49 में कुल 1273 फ़ार्म है जिसमें से 1083 का वितरण किया जा चुका है और इनमें से 860 फार्म जमा होने के साथ ही उनका ऑन लाइन जमा करने का काम भी हो चुका है। बीएलओ का कहना है कि एक एक घर जाकर फार्म देना और फिर भरकर जमा करना कड़ी चुनौती है और इस काम के लिए एक महीने का समय काफी कम है। इसके साथ ही कई घरों में ताला लगा हुआ है लोग शादी विवाद या घूमने फिरने गए हुए है। इसलिए वार्ड में एक स्थान पर बैठकर लोगों के फार्म भरवाए जा रहे है ताकि लोगों को भी सहूलियत हो सके। इस दौरान वार्ड पार्षद, राजनैतिक दलों से जुड़े लोग भी बीएलओ की मदद कर रहे है। गोधनपुर में वार्ड पार्षद शिव मंगल सिंह के साथ ही जफर खान, गुरुचरण सैनी, अश्विनी गुप्ता, अविनाश गुप्ता आदि मौजूद थे।

**घर-घर जाना संभव नहीं, समय कम इस लिए एक स्थान पर बैठकर भरवा रहे गणना पत्रक**

### कई लोगों को नहीं मिला गणना प्रपत्र

एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान लोगों की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि फॉर्म कैसे भरना है उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है। फार्म भरना काफी जटिल और चुनौतीपूर्ण हो गया है। बीएलओ के घर घर जाकर सहयोग नहीं करने से यह समस्या और भी बढ़ गई है। 2003 की सूची में लोगों के नाम नहीं मिल रहे है। इधर प्रशासन की ओर से भी प्रचार प्रसार पर्याप्त रूप से नहीं किया जा रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि वर्ष 2025 के वोटर लिस्ट में कई लोगों का नाम है लेकिन उनके गणना पत्रक गायब है या मिल नहीं रहे है। बीएलओ ने भी फार्म को पार्षद या पंच को सौंप दिया है जिससे भी यह स्थिति उत्पन्न हो रही है।



## 5 दिनों तक चलेगी प्रदर्शनी

# नवीन कानून पर लगाई प्रदर्शनी का जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

**खास बात**
- नुक्कड़ नाटक और कार्यशालाओं के माध्यम से देंगे जानकारी

बदलते समय के साथ न्यायिक प्रणाली में तेजी लाने और जनता को नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देने के उद्देश्य से सूरजपुर पुलिस द्वारा सिटी कोतवाली परिसर में जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूरजपुर श्रीमती विनीता वार्नर द्वारा किया गया। नए कानूनों की इस प्रदर्शनी में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुमित कुमार हर्षमाना, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. पायल टोपनो, कलेक्टर एस.जयवर्धन ने तीन नवीन कानूनों बीएनएस, बीएनएनएस, बीएसए की प्रर्दशनी का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने आमजनता को आसानी से नए कानूनों की जानकारी दिखाकर और समझाने के लिए की बेहतर प्रबंधन किया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में आम जनता को जागरूक करने के लिए प्रदर्शनियां लगाई हैं। इन प्रदर्शनियों का उद्देश्य नए कानूनों के प्रावधानों को समझाना, न्यायिक प्रणाली में होने वाले बदलावों पर प्रकाश डालना और पुलिस और जनता के बीच संवाद को मजबूत करना है। यह 5 दिवसीय प्रदर्शनी है जिसका समापन 30 नवम्बर को होगा। प्रदर्शनियों में नुक्कड़ नाटक और कार्यशालाओं के माध्यम से जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, थाना प्रभारी अजाक मनी प्रसाद राजवाड़े, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी राकेश यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




प्रदर्शनी का निरीक्षण करते न्यायाधीश एवं एसएसपी।

### कैबिनेट मंत्रियों ने किया प्रदर्शनी का निरीक्षण

नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों एवं बदलाव को लेकर सूरजपुर पुलिस द्वारा लगाई गई प्रदर्शन में प्रदेश के मंत्री व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी ने जायजा लिया और नवीन कानूनों, महिला और बाल संरक्षण, शून्य एफआईआर, ई-एफआईआर और प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में आकर्षक डिस्पले के माध्यम से जानकारी देने पर प्रशंसा की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि नवीन आपराधिक कानून न्याय प्रणाली को तेज, सरल और जनहितकारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नए कानून दंड से न्याय की ओर की अवधारणा को मजबूत करते हैं और न्यायिक प्रक्रिया में मील का पत्थर साबित होंगे। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि नए प्रावधान महिलाओं और बच्चों को अधिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा कि नए कानून मजबूत पुलिसिंग के लिए जरूरी है, नए कानून में हुए बदलाव न्यायिक प्रक्रिया में सकारात्मक प्रभाव दिखा रहे हैं। डीआईजी व एसएसपी श्री ठाकुर ने बताया कि इस प्रदर्शनी में छात्रों, कानूनी पेशेवरों, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आमजनता को नए कानूनों के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर कलेक्टर एस. जयवर्धन, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य छतीसगढ़ भीमसेन अग्रवाल, बाबुलाल अग्रवाल, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती संत सिंह, नपा उपाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, दीपक गुप्ता, संजू सोनी, अजय अग्रवाल, अरविन्द मिश्रा, लक्ष्मण कसेरा सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।



# किसानों ने भूमि सत्यापन एवं पंजीयन संबंधी अड़चनों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनपुर

किसानों ने भूमि सत्यापन एवं पंजीयन में आ रही अड़चनों के विरोध में आज गांधी चौक के समीप विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश पर 30 नवम्बर तक रकबा सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि गिरदावरी ओर पंजीयन में भारी गड़बड़ी हुई है। पहले जहां उनका पूर्ण रकबा दर्ज था, वहीं इस बार सिस्टम में रकबा कम दिखाया गया, जिससे धान खरीदी का लक्ष्य अचानक घट गया। किसानों का आरोप है कि जमीन वही है, लेकिन सिस्टम में रकबा कम दिखाकर सीधा नुकसान किया जा रहा है। तकनीकी खराबी के कारण रजिस्ट्रेशन की अनिवार्य प्रक्रियाएं डीएससी और आरसी सत्यापन बार-बार फेल हो रही हैं। पोर्टल में तकनीकी गड़बड़ी के कारण लंबे समय से अटका हुआ है जिससे अब सोसायटी और तहसील के चक्कर में फंसे है। किसानों ने बताया कि सोसायटी उन्हें तहसील भेज रही है और तहसील उन्हें वापस सोसायटी भेज रही है। इस चक्कर में किसानों का समय, पैसा और मेहनत बर्बाद हो रहा है। रकबा कम दर्ज होने और पंजीयन त्रुटियों के कारण किसान समस्याओं को लेकर परेशान थे। इसको लेकर के आज गांधी चौक के पास किस चक्का जाम किए जाने हेतु एकत्रित हो रहे थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के समझाइस के बाद किसान संतुष्ट हुए साथ ही रकबा सुधार किए जाने हेतु मात्र 30 नवंबर तक समय दिया है। कई किसानों का एग्री स्टेट सहित अन्य की समस्याएं हैं जिसका निराकरण इतने कम समय पर संभव नहीं है इस समस्या का निराकरण किया जाने हेतु रणविजय सिंह देव ने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो सभी किसान के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## पेज 1 के शेष...

### मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई...

का निर्णय लिया है। पीजी कक्षाओं के लिए विभिन्न विषयों के लिए स्टेट और ऑल इंडिया कोटा से 23-23 सीटें निर्धारित की गई है। कोटा निर्धारण के बाद कॉलेज प्रबंधन ने सीट अलॉटमेंट की जानकारी मेडिकल काउंसलिंग कमेटी को भेजी गई थी इस दौरान विभिन्न कारणों से पीजी सीटों पर देशभर में प्रवेश प्रक्रिया लंबित होती रही लेकिन अब 22 नवम्बर से एडमिशन की प्रक्रिया अंततः शुरू हुई। प्रक्रिया शुरू होने के बाद 24 से 27 नवम्बर तक की स्थिति में ऑल इंडिया कोटा में कुल 3 चिकित्सक छात्र छात्राओं ने पीजी कक्षाओं में एडमिशन लिया है। मेडिकल कॉलेज में एमडी एनाटॉमी में कोलकाता से दिव्यो स्वरुप चक्रवर्ती, एमएस सर्जरी में बिहार चंपारण से कार्तिक राज व ओड़िसा से सुश्री संगीता महालिक ने प्रवेश लिया है। मेडिकल कॉलेज के एडमिशन विभाग के को-ऑर्डिनेटर डॉ. परमानंद अग्रवाल ने बताया कि इस बार कॉलेज में कुल 46 सीटों पर प्रवेश लिया जाना है। इसमें से अब तक 3 पीजी सीटों पर एडमिशन लिया गया है जबकि अन्य छात्रों ने अपने दस्तावेज जमा किए है।

# सड़क पर दुकान लगाने से बिगड़ी साप्ताहिक बाजार की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीतापुर

- आम नागरिकों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना, नपं के निर्देश का भी नहीं हुआ असर


साप्ताहिक बाजार में दुकानदारों की मनमानी अव्यवस्था का कारण बन रही है। दुकानदारों द्वारा मनमाने ढंग से दुकान लगाया जा रहा है जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आलम यह है कि मार्ग से गुजरने वाले एंबुलेंस को भी खासी परेशानियों का सापना करना पड़ रहा है। साप्ताहिक बाजार के दौरान सड़क पर लगने वाले जाम से निपटने नगर पंचायत द्वारा कई बार व्यापारियों को सड़क पर दुकान न लगाने की हिदायत दी गई लेकिन व्यापारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है।

विदित हो कि बुधवार को नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 में दशकों से साप्ताहिक बाजार का संचालन किया जा रहा है। समय के साथ व्यापारियों के बढ़ते तादाद के साथ बाजार का दायरा बढ़ता चला गया और जगह छोटी पड़ने लगी जिसकी वजह से व्यापारी अपनी दुकान सड़कों पर लगाने लगे। सड़क पर दुकान लगने की वजह से साप्ताहिक बाजार का यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई और सड़क पर जाम लगने लगा। सड़क जाम की वजह से बच्चों से भरी स्कूली बस एवं मरीजों को ले जाने वाली एम्बुलेंस सेवा को जाम से निपटने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है इसके अलावा सड़क पर आने जाने वाले भारी वाहनों की वजह से दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। सड़क पर लगने वाली दुकानों की वजह से साप्ताहिक बाजार की हालत बिगड़ती देख तात्कालिक एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाया था। उन्होंने सड़क को जाम से लोगों को मुक्ति दिलाने नगर पंचायत के सहयोग से अभियान चलाया था। इस अभियान के दौरान सड़क पर लगने वाली दुकानों को वहाँ से हटाकर खाली जगहों पर विस्थापित किया गया था। जिसकी वजह से सड़क पर लगने वाली जाम की समस्या दूर हो गई थी। लेकिन एसडीएम के जाते ही नगर पंचायत ढीला पड़ गया और व्यापारी फिर से सड़क पर उतर आए और वहां अपनी दुकान लगानी शुरू कर दी।











# निर्वाचित वरिष्ठ अधिवक्ता गोयल का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बार काउंसिल चुनाव के सितंबर में हुए मतदान में 105 अभ्यर्थियों में कुल 25 अधिवक्ता अभ्यर्थी को निर्वाचित होना था जिसमे सूरजपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल गोयल निर्वाचित हुए। आज जिला अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ता कक्ष में सभी न्यायाधीश एवं अधिवक्ताओं की उपस्थिति में श्री गोयल को साल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने कहा की श्री गोयल के स्टेट बार काउंसिल का सदस्य बनने से अधिवक्ता संघ गौरवान्वित है और जिले को यह सौभाग्य पहली बार प्राप्त हुआ है। उन्होंने उपस्थित न्यायाधीश को सहयोग हेतु सराहना की तथा चुनाव अधिकारी सुमित कुमार हसियाना के प्रति आभार प्रकट किया। जिला एवं प्रधान न्यायाधीश श्रीमती विनिता वार्नर ने बताया की श्री गोयल की जीत के प्रति आशान्वित थी और उन्होने प्रारम्भ मे ही कहा था की श्री गोयल अवश्य विजयी होंगे। उन्होने यह भी कहा की श्री गोयल के स्टेट बार सदस्य बनने पर जिला अधिवक्ता संघ को अनेको लाभ प्राप्त होंगे तथा कनिष्ठ अधिवक्ताओ को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस अवसर पर निर्वाचित अनिल कुमार गोयल ने अपने उद्बोधन में जिला अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों द्वारा एकजुट होकर चुनाव प्रचार करने तथा उन्हे सहयोग देने हेतु उनका आभार प्रकट किया और कहा की यह जीत उनकी जीत नहीं है बल्कि संघ के सभी सदस्यों की जीत है। श्री गोयल ने आश्वस्त किया की जिला अधिवक्ता संघ के सदस्यों की समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे और सूरजपुर की आवाज स्टेट बार मे उठायेंगे। उक्त जानकारी जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश गोयल द्वारा दी गई है।




हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

